# पालिका चेयरमैन पर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

## रामगंजमंडी पुलिस ने त्वरित कार्यवाही कर तीनों को दबोचा



रामगंजमंडी पुलिस ने चेयरमैन पर हमले के आरोपियों को गिरफ्तार किया।

**रामगंजमंडी, (निसं)।** स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए नगरपालिका चेयरमैन के ऊपर फायरिंग कर जानलेवा हमला करने वाले तीनों अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की।

पुलिस अधीक्षक ग्रामीण कोटा कावेन्द्र सिंह सागर ने बताया कि रामगंजमण्डी नगर पालिका चेयरमेन देवीलाल सैनी ने एक लिखित रिपोर्ट इस आश्य की पेश कि की सोमवार को रात्रि के 10 बजे करीब की बात है मैं हाऊसिंग बोर्ड रामगंजमण्डी से बहादुर सिंह राजावत वार्ड पार्षद के यहाँ से खाना खाकर मेरे घर मेरी कार से जा रहा था मेरा मकान रामगंजमण्डी में गायत्री मन्दिर के पास है कार को में स्वयं चला रहा था। मेरे साथ कार में अन्य कोई व्यक्ति नही था। मैं जैसे ही कार से मोड़ी वाले लुहार के मकान के पास पहुचां तो सामने से मुझे 3 व्यक्ति मोटरसाइकिल से आते हुये नजर आये। जिन्होंने मेरे सामने मोटरसाइकिल लगा दी तथा मेरी कार रोकने की कोशिश की मैने जैसे ही कार रोकी तो मोटरसाइकिल के सबसे पीछे बैठे हुये व्यक्ति के पास मुझे पिस्टल नजर आयी।

इस पर मैने मेरी गाडी मेरे मकान की तरफ भगायी तो इन तीनों व्यक्तियों ने मोटरसाइकिल से मेरा पीछा किया तथा मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे व्यक्ति ने जिसके पास पिस्टल थी, ने मैं जैसे ही मेरे मकान के यहां पहुचां तो पीछे बैठे व्यक्ति ने मुझे जान से मारने की गरज से मेरे उपर पिस्टल से 1 फायर किया। लेकिन मेरी गाडी चालू हालात में होने से मेरे पिस्टल की गोली नही लग सकी। फिर मैने अपनी जान बचाने के लिये हनुवतखेडा रोड पर टंकी के पास होता हुआ सुकेत रोड पर आया तो इसी दौरान उस मोटरसाइकिल पर पीछे बैठे हुये व्यक्ति ने मुझे फिर जान से मारने की नियत से 2 फायर और किये लेकिन मेरी गाडी लगातार रनिंग में होने से मेरे पिस्टल।की गोली नहीं लग सकी। पीछे बैठे व्यक्ति ने मेरे उपर मुझे जान से मारने की गरज से पिस्टल से फायर किये उसका नाम प्रभाकर हरिजन निवासी हरिजन मोहल्ला रामगंजमण्डी है व मोटरसाइकिल चला रहे व्यक्ति का नाम आकाश पिडावा निवासी हरिजन मौहल्ला तथा मोटरसाइकिल के बीच में बैठे हुये व्यक्ति का नाम मोनू मीणा निवासी पीपाखेडी थाना सुकेत है। इस पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।

प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कोटा ठाामीण अरूण माच्या के सुपरविजन में प्रवीण नायक वृताधिकारी वृत्त रामगंजमण्डी के निर्देशन मे मनोज कुमार थानाधिकारी के नेतृत्व में अलग-अलग विशेष टीमो का गठन किया गया।

पुलिस टीम द्वारा अपराधियों के रिश्तेदारो, मित्रों एवं छीपने के संभावित स्थानों पर सुकेत झालावाड सुनेल थाना क्षेत्र में दबिश दी गई। काफी अथक प्रयास करने के बाद घटना में संलिप्त तीनों अपराधी प्रभाकर हरिजन पुत्र जितेन्द्र वाल्मिकी उम्र निवासी हरिजन मोहल्ला रामगंजमण्डी, आकाश पुत्र मोहन लाल जाति हरिजन उम्र 25 साल निवासी मोची मोहल्ला रामगंजमण्डी, मोनू पुत्र कालूलाल जाति मीणा निवासी पीपाखेडी थाना सुकेत हाल पेटभर थाना सूनेल जिला झालावाड आरोपियों की तलाश पतारसी की जाकर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की गयी है।

# सरकार रिपिट हुई तो योजनाओं को देंगे और मजबूत आधार : गहलोत

## कांग्रेस और आदिवासियों का चोली-दामन का साथ : डोटासरा




शहीदी मानगढ़ धाम पर विश्व आदिवासी दिवस पर आयोजित समारोह को सीएम ने संबोधित किया।

**बांसवाड़ा, (निसं)।** अगर राज्य में कांग्रेस सरकार की वापसी होती है तो जनकल्याणकारी योजनाओं को और मजबूत आधार प्रदान किया जायेगा। उक्त उद्गार मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को शहीदी मानगढ़ धाम पर विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में व्यक्त किये। गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार की योजनाओं की चर्चा अन्य राज्यों में भी है। शिक्षा, चिकित्सा और हर क्षेत्र में विकास की गाथाएं आज हर जुबां पर है।

गहलोत ने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर गर्व भी होता है और दिल में चिंतन-मनन के भाव जागृत होते हैं कि जिन्दगी में क्या उपलब्धियां हासिल की। गहलोत ने याद दिलाया कि आज से 20 वर्ष पूर्व जब वे पहली बार मुख्यमंत्री बने थे तो उन्होंने शहीदी मानगढ धाम पर स्मारक बनवाने की सोच दी थी और मालवीया ने इसका बीडा उठाया। दूसरी बार जब सरकार बनी तो स्मारक निर्माण का कार्य पूरा करवाया और इसका उद्घाटन भी उन्होंने स्वयं किया। उन्होंने कहा कि यह स्थली त्याग, बलिदान, कुर्बानी और जज्बे की है जिसने देश को गुलामी की जंजीरों से मुक्त किया। गहलोत ने कहा कि महाराणा प्रताप के साथ भील राजा पूंजा और भील फौज थी ये सब इतिहास में अंकित है। ऐसे में आदिवासी समाज की समस्याओं का निपटारा करने के लिए कांग्रेस सदैव आगे रही है। उन्होंने बताया कि राजीव गांधी ने प्रधानमंत्री बनते ही देश के आदिवासी क्षेत्रों का दौरा किया और इस समाज की प्राथमिकताएं जानी। बाद में मनमोहन सरकार के दौरान सोनिया गांधी और मनमोहन सिंह ने मंथन कर वन अधिकार एक्ट बनवाया। गहलोत ने एक बार फिर कहा कि कलम हाथ में है तो गरीब, पिछडो, आदिवासी किसानों के हित में चलेगी। उन्होंने कहा कि विश्व आदिवासी दिवस पर अवकाश घोषित करना गर्व की बात है।

राज्य स्तरीय समारोह के मुख्य अतिथि एआईसीसी के महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अजय माकन ने कहा कि देश की आजादी के इतिहास में 9 अगस्त महत्वपूर्ण दिन रहा है। इसी दिन महात्मा गांधी ने अंग्रेजो भारत छोड़ो का नारा दिया था और करो या मरो के नारे का आगाज भी आज ही के दिन हुआ था। उन्होंने कहा कि गोविन्द गिरि की धरा पर आज फिर ऐतिहासिक दिन बन गया है। उन्होंने कहा कि हम शहादत को और आजादी और हमारे भविष्य के लिए प्राण देने वालों को नहीं भूलें। उन्होंने कहा कि जब अंग्रेजों से संघर्ष चल रहा था तब एक संस्था ऐसी थी जिसने अंग्रेजों का हाथ पकडा था उस संस्था का नाम है आरएसएस। उन्होंने कहा कि विकास केवल कांग्रेस ही कर सकती है और जब राजस्थान की बात सुनते हैं और विकास देखते हैं तो दिल गदगद हो जाता है।

प्रदेश कांगेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि कांग्रेस और आदिवासियों का चोली-दामन का साथ रहा है। गांधी की अगवाई में आदिवासियों ने आजादी में अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि साढे तीन साल पहले राज्य में कांग्रेस की सरकार बनी तब से अब तक कल्याण के कार्य होते आये हैं। बेहतरीन बजट, घोषणा-पत्र पर अमल, शिक्षा, चिकित्सा, बिजली हर क्षेत्र में ऐतिहासिक काम हो रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता राहुल गांधी ने भी ट्विट किया कि आदिवासी कल्याण, शिक्षा, चिकित्सा के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य हो रहा है। डोटासरा ने कहा कि कोरोना काल में भी राज्य ने श्रेष्ठ कार्य किया। इसी तरह किसानों की कर्ज माफी की गई वहीं अंग्रेजी माध्यम के स्कूल खोले गये। डोटासरा ने कहा कि केबिनेट मंत्री के रुप में महेन्द्रजीत सिंह मालवीया एवं टीएडी मंत्री के रुप में अर्जुन सिंह बामनिया के बलबूते पर आज आदिवासी क्षेत्र में विकास की गंगा बह रही है।

केबिनेट मंत्री महेन्द्रजीत सिंह मालवीया ने कहा कि 17 नवंबर 1913 की प्रातरू 7 बजे अंग्रेजों ने शहीदी मानगढ धाम पर गोलियां चलाई। हालात तो ये हो गये थे कि कंइ शव का दाह संस्कार नहीं हो पाया तो कुछ शवों का पता भी नहीं लगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस शहीदी स्थल के इतिहास को उजागर किया। गहलोत ने प्रधानमंत्री को ट्विट करके शहीदी मानगढ धाम को राष्ट्रकृीय स्मारक घोषित करने की भी मांग की है। उन्होंने हाल ही में इस शहीदी स्थल को राजनैतिक हथियार बनाने पर तंज कसते हुए कहा कि महात्मा गांधी की सफेद टोपी और तिरंगा इस शहादत स्थली का मान है।

# फिसलने से पूर्व विधायक राजावत का पैर फ्रेक्चर



पूर्व विधायक राजावत ने पैर में प्लास्टर बंधवाया।

**कोटा, (निसं)।** पांच हजार करोड़ के विकास कार्यों के लिए पूरे कोटा शहर को खोदा हुआ है और प्रतिदिन दर्जनों लोग विकास के इन गड्ढ़ों में गिरकर घायल हो रहे हैं। अब इस फेहरिस्त में पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत का नाम भी जुड़ गया है।

वल्लभबाड़ी में उनके कार्यालय के दोनों ओर के सीसी रोड़ को बिना जरूरत ही खोदकर दोबारा बनाया गया है, खुदी हुई सड़क पर फिसलने से पूर्व विधायक भवानी सिंह राजावत दायें पैर में फ्रेक्चर हो गया है जिस पर प्लास्टर बंधवाया गया है। वहीं आमजन के उत्साह को देखते हुए राजावत ने तय किया है कि 14 अगस्त को होने वाली तिरंगा रैली यथावत रहेगी और फ्रेक्चर के बावजूद राजावत इसकी अगुवाई करेंगे। राजावत ने कहा है कि स्वायत्त शासन मंत्री शांति धारीवाल ने अंधाधुंध फ्लाई ऑवर, अण्डरपास और सीवरेज लाईन के लिए पूरे शहर को खोद डाला, इस बेतरतीब विकास से लगभग 2 दर्जन लोग मौत के शिकार हो गये हैं।

धारीवाल शहर को विकसित करें यह अच्छी बात है लेकिन विकास चरणबद्ध होना चाहिए, वैसे भी विकास सतत् प्रक्रिया है। मैंने डीसीएम रोड़ आरओबी, भामाशाह मण्डी आरओबी, शहर के बीचोंबीच 80 फीट रोड़, नॉर्दन बाईपास, छत्रपति शिवाजी पार्क, स्मृति वन, गोविन्द नगर अण्डरपास जैसे बड़े काम करवाये, पूर्व मंत्री ललित किशोर चतुर्वेदी ने कोटा को 3-3 विश्वविद्यालयों की सौगात दी, न्यास अध्यक्ष हरिकृष्ण जोशी ने कोटा को आरकेपुरम् और श्रीनाथपुरम जैसी विकसित कॉलोनियां दी जो आज घना आबादी क्षेत्र है।

इस प्रकार प्रत्येक जनप्रतिनिधि अपने कार्यकाल में क्षेत्र के अधिकतम विकास के लिए प्रयास करता है लेकिन विकास के साथ साथ आम जन की सुविधा का भी ध्यान रखना आवश्यक है और कोटा की जनता अब ताबडतोड़ विकास व सौंदर्यीकरण से ऊब चुकी है।

# युवक पर फायरिंग, अस्पताल में भर्ती

**हिण्डौन सिटी, (का.सं.)।** शहर के सुखदेव पुरा स्थित एक मंदिर में पूजा कर रहे एक युवक पर मंगलवार सुबह कुछ लोगों ने फायरिंग कर दी । जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया । घायल अवस्था में उसे परिजनों ने शहर के जिला अस्पताल में भर्ती कराया । इधर पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है ।

शहर के सुख देव पुरा निवासी भगवती पुत्र हीरा ने बताया कि मंगलवार सुबह लगभग 6:30 बजे मंदिर में पूजा कर रहा था । इसी दौरान आरोपियों ने अचानक उस पर अंधाधुंध फायरिंग कर दी । जिससे उसके पैर में गोली लग गई । आरोप लगाया जा रहा है कि इस दौरान आरोपियों ने उस पर धारदार हथियारों से हमला किया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल अवस्था में परिजनों ने उपचार के लिए उसे अस्पताल में भर्ती कराया ।

सूचना के बाद पहुंचे कोतवाली थाने के थानाधिकारी वीर सिंह को पीड़ित युवक ने बताया कि गत 6 मई को भी फॉयरिंग की गई थी । मामले में कोतवाली पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई । आरोपियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं हुई । मामले में थानाधिकारी वीर सिंह ने आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन भी दिया है । पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है । इस दौरान एक जने को नामजद किया गया है।

# पुलिस पर स्कूल संचालक को पीटने का आरोप

- **गंगाशहर पुलिस स्कूल संचालक को थाने ले गई**
- **बचाव में आए भाई और अन्य परिजनों से मारपीट की**

**बीकानेर, (कासं)।** गंगाशहर पुलिस ने प्राइवेट स्कूल संचालक को न सिर्फ उसके घर में ही पीटा, बल्कि जबरन पुलिस थाने भी ले गई। बीच बचाव करने आए भाई और अन्य परिजनों के साथ भी मारपीट की गई । ये सारा मामला सीसीटीवी में कैद हो गया, जिसके बाद स्कूल संचालकों में जबर्दस्त आक्रोश है। शाम छह बजे प्राइवेट स्कूल संचालकों की मीटिंग है, जिसमें संबंधित पुलिसकर्मी को निलंबित नहीं करने पर हड़ताल का निर्णय हो सकता है।

दरअसल, गंगाशहर स्थित शांति इंग्लिश एकेडमी में पढ़ने वाली दो लड़कियों की टीसी लेने के लिए उसके पिता स्कूल गए थे। जहां मोहर्रम की छुटटी होने पर बुधवार को टीसी लेने का बोला गया। घर और स्कूल एक ही परिसर में होने के कारण अभिभावक ने हाथों हाथ टीसी देने का दबाव डाला, मना करने पर वो गंगाशहर थाने शिकायत करने पहुंच गया। इस शिकायत के बाद थाने से एएसआई भवानी दान और दो अन्य पुलिसकर्मी भी स्कूल पहुंच गए। जहां कैलाश मोदी को थाने चलने के लिए बोला । कारण पूछने पर जबरन थाने ले जाने लगे। विरोध करने पर मारपीट की गई। घसीटते हुए घर से बाहर ले गए, जहां घर के अन्य पुरुष सदस्य ने रोकने का प्रयास किया तो उसके साथ भी मारपीट की गई। अभिभावक गोविन्द सोनी ने पुलिस को अपनी बेटियों की टीसी नहीं मिलने की शिकायत की थी, जबकि फीस पहले से जमा थी।

आरोप है कि कैलाश मोदी को मुल्जिमों की तरह थाने में बिठा दिया गया, जबकि उसके खिलाफ किसी तरह का कोई अपराध ही साबित नहीं हो रहा था। लड़कियों की टीसी तैयार थी और अवकाश के कारण देना संभव नहीं था। ये बात समझने के बजाय स्कूल संचालक के साथ मारपीट की गई।

प्राइवेट स्कूलों के संगठन पैपा से जुड़े गिरीराज खैरीवाल ने बताया कि शाम छह बजे गंगाशहर में स्कूल संचालकों की आपात मीटिंग रखी गई है, जिसमें आंदोलन की घोषणा हो सकती है। एएसआई भवानी दान को निलंबित करने और एफआईआर दर्ज करने की मांग नहीं मानने पर प्राइवेट स्कूल संचालक भी हड़ताल कर सकते हैं।

# 53 हजार से ज्यादा प्रकरण होंगे निस्तारित

**अजमेर, (कासं)।** अजमेर विद्युत वितरण निगम ने विद्युत कनेक्शन विच्छेद और बिजल ी चोरी के 53 हजार से ज्यादा मामलों को निस्तारित करने की तैयारी शुरू कर दी है। डिस्कॉम आगामी 13 अगस्त को आयोजित होने वाल ी राष्ट्रीय ल ोक अदालत के माध्यम से यह मामले निस्तारित करेगा। इन उपभोक्ताओं पर डिस्कॉम का करीब 122.47 करोड़ रूपया बकाया है। लोक अदालत में आपसी सहमति से इन मामलों को निस्तारित किया जाएगा।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एन एस निर्वाण ने सभी संभागीय मुख्य अभियन्ताओं तथा अधीक्षण अभियन्ताओं को निर्देश दिए कि वे लोक अदालत के लिए अपने कार्यालय के नोडल अधिकारी की नियुक्ति करें। प्रबंध निदेशक निर्वाण ने बताया कि राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में 13 अगस्त को तृतीय राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। इस सम्बंध में निगम द्वारा जारी अद्यतन दिशा निर्देशों के अनुरूप निगम राजस्व से सम्बंधित प्रकरणों का अधिकाधिक निस्तारण करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रबंध निदेशक निर्वाण ने सभी सम्भागीय मुख्य अभियन्ताओं को निर्देशित किया की वे राष्ट्रीय लोक अदाल त के प्रभावी एवं सफलतापूर्वक संचाल न के लिए अपने-अपने क्षेत्रधिकार के अधीन कार्याल य द्वारा विभिन्न न्यायालयों के समक्ष नियुक्त नोडल अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य रूप से होना सुनिश्चित करे।

# पाइप लाइन में लीकेज से घरों में भरा पानी, लोगों ने जाम लगा किया प्रदर्शन

**सुजानगढ़, (निसं)।** करीब 45 साल पहले गैनाणी से पानी निकासी के लिए डाली गई पाइप लाइन में लीकेज से घरों में पानी जाने की समस्या का समाधान करने की मांग को लेकर गैनाणी के पास मौहल्लेवासियों ने सडक जाम कर प्रदर्शन किया।

एड. मनीष दाधीच ने बताया कि पाइप लाइन लीकेज होने से घनश्याम स्वामी के मकान में पानी आने लगा है तथा लीकेज ढूंढने के नाम पर मकान में गढ्ढा खोद कर छोड दिया गया है, जिससे अब मकान में तेजी से गंदा पानी आने लगा है तथा मकान गिरने के कगार पर पहुंच गया है। नगरपरिषद द्वारा गैनाणी से पम्प नहीं चलाने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन फिर भी पम्प चलाया गया, जिससे घनश्याम स्वामी व सूर्यप्रकाश स्वामी के मकान में पानी आने लगा है। जिस पर मौहल्लेवासियों ने पम्प नहीं चलाने की मांग को लेकर गैनाणी के पास सडक जाम की है। सडक जाम की सूचना पर पुलिस उप अधीक्षक रामप्रताप विश्नोई मौके पर पंहूचे और समस्या का समाधान निकालने के लिए मौहल्ले के लोगों को सदर थाने पंहूच कर वार्ता करने का न्यौता दिया। लेकिन सडक पर धरना दे रहे लोग वहां से कहीं नहीं गए। देर शाम तक धरना जारी रहा। एड. मनीष दाधीच ने बताया कि जब तक समस्या का समाधान नहीं होगा, तब तक धरना जारी रहेगा। इससे पहले विधायक मनोज मेघवाल, सभापति प्रतिनिधि मो. इदरीश गौरी, अतिरिक्त जिला कलेक्टर भागीरथ साख, उपखण्ड अधिकारी मूलचंद लूणिया, आयुक्त कमलेश कुमार मीणा, उपसभापति अमित मारोठिया ने घनश्याम स्वामी के घर पंहूच कर वस्तुस्थिति का जायजा लिया।

विधायक ने कहा कि नई पाईपलाईन के लिए आपदा प्रबंधन के तहत एक करोड रूपये स्वीकृत किए गए हैं। जिनसे शीघ्र ही नई पाइप लाइन डाल कर समस्या का समाधान किया जायेगा। वहीं दूसरी ओर नगरपरिषद ने घनश्याम स्वामी के मकान पर नोटिस चस्पा कर एहतियात के तौर पर मकान खाली करने के लिए कहा। गैनाणी के पास एड. मनीष दाधीच, भंवर दास स्वामी, कृष्ण कांत स्वामी, पवन पारीक, राजकुमार सैन, विमल सोनी, विष्णु दाधीच, नेमीचंद स्वामी, धनराज तंवर, गुड्डू बन्ना, भागीरथ करवा, हेमंत टाक, हनुवंत सिंह राठौड, रविकांत स्वामी, पवन रांकावत, हेमंत फुलभाटी, दीनदयाल पारीक, लक्ष्मीनारायण सोनी, जुगल किशोर सहित अनेक मौहल्लेवासियों ने सडक जाम कर धरना दिया।

# घात लगाकर बैठे बदमाशों ने किया दो युवकों पर हमला

## हमले में एक युवक की मौत व दूसरा गम्भीर घायल



हमले में घायल व्यक्ति का रामगंजमंडी अस्पताल में उपचार किया।

**रामगंजमंडी, (निसं)।** स्थानीय पुलिस थाना क्षेत्र में 12 घण्टे में अलग-अलग दो फायरिंग के मामले सामने आए जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई व दूसरा गंभीर घायल हुआ है। बीती रात सोमवार 10 बजे नगरपालिका अध्यक्ष देवीलाल सैनी पर तीन बदमाशों ने देशी कट्टे से हमला किया जिसमें वह बाल-बाल बच गए।

पुलिस ने घटना को गम्भीरता से लेते हुए तीनों बदमाशों को मात्र 6 घंटे में ही गिरफ्तार कर लिया। यह मसला निबटा ही था कि मंगलवार सुबह 10 बजे रामगंजमंडी शहर में दूध बेच कर अपने गांव सनखेड़ा लौट रहे दो युवक बंशीलाल गुर्जर व विष्णु गुर्जर को मंडली रोड़ पर घात लगाकर बैठे बदमाशों ने अपना शिकार बनाते हुए उन पर तलवारों गंडासों व देशी कट्टे से फायर कर जानलेवा हमला बोल दिया। जिसमें दोनों युवक गम्भीर घायल हो गये। जिन्हें रामगंजमंडी अस्पताल लाया गया जँहा दोनों युवकों का प्राथमिक उपचार कर उन्हें झालावाड़ रेफर कर दिया गया। उपचार के दौरान एक गम्भीर घायल बंशीलाल गुर्जर की मौत हो गई तथा दूसरे का उपचार जारी है। वहीं पुलिस द्वारा टीम बनाकर आरोपियों की गिरफ्तारी के अथक प्रयास किये जा रहे हैं।

# पुलिस की गिरफ्त से भागे दो तस्कर

**अनूपगढ़, (निसं)।** रावला पुलिस की लापरवाही के कारण एनडीपीएस मामले में गिरफ्तार किए गए पंजाब निवासी 2 आरोपी पुलिस थाने से फरार हो गए। पुलिस उपाधीक्षक जयदेव ने बताया कि रामसिंहपुर पुलिस ने कुछ दिन पहले 7 क्विंटल भीगे हुए पोस्त सहित पंजाब के दो तस्करों को गिरफ्तार किया था। मामले की जांच रावला थानाधिकारी आलोक सिंह चारण को सौंपी गई थी।

**■ ग्रामीणों के सहयोग पीछा कर पकड़ा**

आरोपी सुखा सिंह ने सन्तरी से पेट में दर्द का बहाना करते हुए शौच जाने की इच्छा जाहिर की। संतरी ने आरोपी सुखा सिंह को शौचालय में शौच के लिए भेज दिया। सुखा सिंह के साथ आरोपी मेजर सिंह भी शौचालय के बहाने चला गया। दोनों आरोपी मौका देखकर शौचालय के सामने बाथरूम के रोशनदान से फरार हो गए। इसके बाद मामले की सूचना थानाधिकारी आलोक सिंह चारण को दी। जिसके बाद रावला पुलिस थाने से कुछ ही दूरी पर पकड़ लिया गया, लेकिन दूसरा आरोपी सुखा सिंह भागने में सफल हो गया। दो घंटे बाद ग्रामीणों की मदद से सुखाराम को रावला की गलियों से पकड़ लिया गया। दोनों आरोपियों के खिलाफ पुलिस की गिरफ्त से भागने का मामला दर्ज कर लिया गया है और दोषी पुलिसकर्मियों के के खिलाफ जांच शुरू कर दी गई है।

# दुकान व मकानों से भगवा ध्वज हटाने पर गरमाया माहौल

## हिंदू समाज के लोगों ने शहीद स्मारक पर इकट्ठे होकर प्रदर्शन किया



शहर में दुकानों व घरों पर लगाई गई भगवा पताका को हटाने के विरोध में जिला कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते हिन्दू संगठनों के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी।

**राजसमंद, (निसं)।** जिला मुख्यालय पर मंगलवार दोपहर उस समय माहौल गरमा गया जब बडी संख्या में हिंदू समाज के लोग शहीद स्मारक पर इकट्ठे हुए और प्रदर्शन करने लगे। जिसकी जानकारी पुलिस प्रशासन को मिली तो उनके भी हाथ पांव फूल गए और आनन-फानन में शहीद स्मारक के बाहर पुलिस जाता को तैनात किया। क्योंकि पूरा प्रशासन मोहर्रम पर निकलने वाले ताजिया जुलूस में व्यस्त था। ऐसे में उनको हिंदू समाज की नाराजगी का पता नहीं चल पाया।

जानकारी के अनुसार 2 दिन पूर्व राजनगर क्षेत्र में मुस्लिम समाज द्वारा छडी निकालने से पूर्व प्रशासन के आदेशानुसार नगर परिषद के कर्मचारियों जुलूस के मार्ग पर लगे हुए कई होल्डिंग और बैनर हटाए थे। लेकिन कुछ घरों के साथ दूकानों पर लगे भगवा झंडे को अपमानित तरीके से खिंचकर फाडते हुए हटा दिए, जिसको लेकर हिन्दू समाज के लोगों ने विरोध किया लेकिन किसी ने एक नहीं सूनी। उस दौरान एक पुलिस अधिकारी पर भगवा झंडे हटाने के दौरान विरोध जताने पर एक दलित समाज के युवक के साथ अभद्रता करने से नाराज होकर हिंदू संगठन के लोगों ने विरोध जताया।

हिंदू समाज के बडी संख्या में महिला और पुरुष अमर जवान शहीद स्मारक पर इकट्ठे हुए, जहां से रेली के रूप में जिला कलेक्ट्रेट पहुंचे और नारेबाजी कर अपना विरोध जताते हुए संबंधित अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की। देर तक चले विरोध प्रदर्शन के बाद अतिरिक्त जिला कलेक्टर रामचरण शर्मा को ज्ञापन सौंपा। एडीएम शर्मा ने विरोध प्रदर्शन कर रहे सर्व समाज के कार्यकर्ताओं से वार्ता की तथा पुनः भगवा ध्वज लगाने के आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारी शांत हुए। एडीएम के आदेशा पर दाणी चबुतरा क्षेत्र से हटाए गए भगवा झण्डियां लगाई गई।